# उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में की जाएगी पूर्ण शराब बंदी : डॉ.यादव



भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी स्थित क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अमर शहीद हेमू कॉलोनी का बलिदान दिवस है। उन्होंने मात्र 19 वर्ष की उम्र में स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। डॉ. यादव ने कहा कि हेमू कालाणी सहित अन्य क्रांतिकारियों के अथक प्रयासों से लगभग एक हजार साल का गुलामी का काल खत्म हुआ। हर शताब्दी में भारत माता की गोद में विदेशी आक्रंताओं से लड़ने वाले वीर शहीदों ने जन्म लेकर भारतीय संस्कृति की रक्षा कर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी को चरितार्थ किया है। अंग्रेजी आक्रंताओं ने भारत से धन लूटा। हमारे अमर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर अंग्रेजों को देश से भगाकर इस लूट को रोका था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान (1192) से 1947 तक हमारे देश का इतिहास निरंतर वीर शहीदों और शूरवीरों से सुसज्जित रहा है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गोंड साम्राज्य, बाजीराव पेशवा, सिंधिया साम्राज्य, होलकर साम्राज्य सहित अन्य साम्राज्यों ने विदेशी आक्रंताओं से निरंतर लड़ाई लड़ी। मुगल और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारे मंदिरों एवं संस्कृति पर निरंतर आक्रमण किए। हमने अपने बाहुबल से इन घटनाओं का समयोचित तरीके से उत्तर सनातन संस्कृति तथा श्री चिंतामण गणेश, बड़ा गणपति महाराज, श्री कालभैरव, श्री मंगलनाथ महाराज और श्री सिद्धनाथ महाराज देवस्थानों को पुनर्स्थापित कर दिया।

डॉ.यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे इसके लिए उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में जल्द ही पूर्ण शराब बंदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संपूर्ण ध्यान धार्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को प्रदेश में बढ़ावा देने पर है। इससे प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और प्रदेश का चहुँमुखी विकास होगा। इस दौरान विधायक अनिल जैन कालूहेडा, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव उपस्थित थे।

### 9वीं नेशनल साईकोलॉजी कान्फ्रेंस का शुभारंभ आज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को प्रातः 10 बजे समन्वय भवन में यूथ फॉर साइबर वेलनेस विषय पर एक दिवसीय 9वीं नेशनल साइकोलॉजी कान्फ्रेंस का शुभारंभ करेंगे। कांफ्रेंस में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहेंगे। मप्र राज्य महिला आयोग और रिस्पॉन्सिबल नेटिज्म संस्था मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साइबर वेलनेस के बारे में जागरूकता एवं सुरक्षित डिजिटल परिदृश्य को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में यूथ फॉर साइबर वेलनेस, अंडरस्टेंडिंग द वर्ल्ड ऑफ साइबर क्राइम, साइबर हिंसा के परिदृश्य को सुरक्षित और समावेशी बनाना, डिजिटल, प्यार और धोखा - माइंडफुलनेस, ऑनलाइन गेमिंग केरियर ऑप्शन स्नापचेट पर प्रभावी रिपोर्टिंग और सुरक्षा जैसे विषयों पर विषय-विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी।

### मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के स्थापना दिवस पर बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि त्रिपुरा, माँ त्रिपुरसुंदरी की कृपा से अभिसिंचित एवं अद्वितीय नैसर्गिक सौंदर्य के लिए सुविख्यात है और मणिपुर, अद्वितिय कला तथा समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण है। मेघालय सहित त्रिपुरा और मणिपुर का प्राकृतिक सौंदर्य भी अद्भुत है। डॉ. यादव ने कहा कि ये राज्य विकास के नए आयाम गढ़ते हुए सदैव प्रगति करें, नागरिकों के जीवन में खुशहाली आए बाबा महाकाल से यही मंगलकामना है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन में दिगंबर संत मुनि प्रणाम सागर जी से आशीर्वाद लिया।

# मुख्य सचिव ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन स्थल का किया निरीक्षण



भोपाल(काप्र)।

**मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में फरवरी माह में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन स्थल का निरीक्षण कर संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन में पधार रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन और उनके कार्यक्रम के लिए किए जा रहे प्रबंधों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो और प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आयोजन स्थल पर ट्रैफिक प्रबंधन की व्यापक योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने आमंत्रित वीआईपी और डेलीगेट्स को सुगमता से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्थित प्लानिंग करने के भी निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न सत्रों की व्यवस्थाओं, आयोजन स्थल पर तैयार की जा रही सुविधाओं, अलग-अलग सेक्टर्स और अतिथियों के लिए समुचित सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। समिट में देश-विदेश से आने वाले निवेशकों और प्रतिनिधियों का स्वागत और उनके लिए उचित प्रबंध तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और निवेशकों को आयोजन के दौरान सकारात्मक अनुभव मिले, इसके लिए हर संभव व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम एवं आयोजन स्थल संबंधी सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी कर ली जाए।

इस दौरान डीजीपी कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह, एमडी मप्र औद्योगिक विकास निगम चन्द्रमौली शुक्ल, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, कमिश्नर भोपाल संभाग संजीव सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विमुक्त जाति के 5 छात्रावासों में विवेकानन्द केन्द्र परीक्षा दें हंसते-हंसते कार्यक्रम संचालित करेगा

## विमुक्त घूमंतु और अर्द्धघूमंतु विभाग और विवेकानन्द केन्द्र के बीच एमओयू

भोपाल(काप्र)।

**प्रदेश के विमुक्त घूमंतु और अर्द्धघूमंतु कल्याण विभाग और विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के बीच मंगलवार को विमुक्त घूमंतु और अर्द्धघूमंतु कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर की उपस्थिति में एमओयू हुआ।**

प्रदेश के विमुक्त घूमंतु और अर्द्धघूमंतु कल्याण विभाग के 5 छात्रावासों में विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी की भोपाल शाखा परीक्षा दें हंसते-हंसते और संस्कार वर्ग की नियमित गतिविधियां संचालित करेगा। एमओयू में छात्रावास के बालक-बालिकाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए गतिविधियों को शामिल किया गया है। विमुक्त घूमंतु एवं अर्द्धघूमंतु विभाग की ओर से उप संचालक सुश्री दीप्ति कोटस्थाने और विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी शाखा भोपाल की ओर से प्रांत संगठक सुश्री रचना दीदी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर संचालक विमुक्त घूमंतु और अर्द्धघूमंतु कल्याण विभाग नीरज वशिष्ठ और विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी स्थानीय शाखा के प्रांत कार्यालय प्रमुख सुरेश चन्द्र सोनी और सह प्रांत प्रमुख मनोज गुप्ता उपस्थित थे। विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी स्थानीय शाखा द्वारा प्रदेश के विमुक्त घूमंतु और अर्द्धघूमंतु विभाग के जिन 5 छात्रावासों में परीक्षा दें हंसते-हंसते कार्यक्रम संचालित होगा, उनमें विमुक्त जाति प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास उज्जैन, प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास गांधीनगर भोपाल, प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास जीरापुर, प्री-मेट्रिक कन्या छात्रावास नेहरू नगर और प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास राजगढ़ शामिल हैं।



## राजभवन में संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी होगी मुख्य आकर्षण

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक आमजन के लिए खोला जा रहा है। इस अवधि में राजभवन में संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ओपन थिएटर के माध्यम से अमर शहीदों की गौरव गाथा सहित विकास की झलक दिखाने वाली लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने बताया कि नागरिक निर्धारित अवधि में राजभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 और 27 जनवरी को राजभवन, दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को प्रातः11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आमजन को राजभवन भ्रमण की अनुमति रहेगी। राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान में आर्ट एन्ड कैलीग्राफी पर आधारित प्रदर्शनी लगेगी। इस अवसर पर संविधान निर्माण में मप्र के योगदान पर केन्द्रित वीथिका भी आगंतुक के अवलोकन के लिए बनाई जा रही है।

## पटवारी, सिंघार और यादव का आज संयुक्त दौरा

*अंजनिया मांद में आयोजित किसान न्याय यात्रा को करेंगे संबोधित*

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 22 जनवरी को सुबह 7.10 बजे इंदौर से एयरवेज द्वारा प्रस्थान कर 8.25 बजे जबलपुर पहुंचेंगे। श्री पटवारी के साथ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी रहेंगे। श्री पटवारी एवं श्री सिंघार एवं श्री यादव सुबह 10.00 बजे कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं बैठक करेंगे, तत्पश्चात वे पूर्वान्ह 11.00 बजे जबलपुर सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। नेतागण दोपहर 12 बजे जबलपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान दोपहर 12.30 बजे मंडला जिले के अंजनिया मांद पहुंचकर वहां कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा को संबोधित करेंगे। नेतागण अपरान्ह 3.30 बजे अंजनिया मांद से प्रस्थान कर अपराह्न 4.30 बजे भोपाल पहुंच जाएंगे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के हुए 10 वर्ष पूर्ण

# आज से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां

भोपाल (काप्र)।

**बेटे बचाओ-बेटी पढ़ाओ पहल बेटियों के उत्थान में मील का पत्थर साबित हुई है। बुधवार 22 जनवरी को इस पहल के 10 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रातः 1:30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।**

इस कार्यक्रम में मप्र की सशक्त वाहिनी पर एक फिल्म का भी प्रदर्शन होगा। इसमें महिला बाल विकास विभाग के राज्य, जिला एवं ब्लाक स्तर पर सभी अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर 22 जनवरी से 8 मार्च तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता, सैनिटरी पैड का वितरण, स्कूलों और कॉलेजों में सेनिटरी पैड मशीन की स्थापना, जेंडर सेन्सिटाइजेशन, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर आम नागरिकों को जागरूक किया जायेगा। दूसरे सप्ताह में वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से वृक्षारोपण, महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक और साइकिल रैली आदि का आयोजन होगा। तीसरे सप्ताह में स्कूल में बालिकाओं को प्रवेश दिलाने के लिए नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा आकांक्षी जिलों में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान एवं नामांकन अभियान का आयोजन होगा। इसी प्रकार चौथे, पाँचवे और छठे सप्ताह में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय कर महिला हेल्पलाइन-181 और चाइल्ड हेल्पालाइन 1098 का प्रचार एवं जागरूकता, जिला अधिकारियों, केन्द्रीय कार्यालयों एवं महिला थानों पर बालिकाओं का भ्रमण तथा महिलाओं पर केन्द्रित कानून और भारतीय न्याय संहिता में महिला केन्द्रित प्रावधानों पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही जिला स्तर पर 2023-24 के मेरिट सूची में प्रथम से दसवें स्थान तक प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान किया जायेगा।

## राज्यपाल ने सिकल सेल स्क्रीनिंग लक्ष्य की समय पूर्व पूर्ति पर दी बधाई

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल स्क्रीनिंग में शत प्रतिशत उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मप्र ने अब तक कुल 90 लाख 98 हज़ार 902 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर समय पूर्व वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति करने की सफलता अर्जित की है। प्रदेश ने 53 लाख 87 हज़ार 892 सिकल सेल कार्ड वितरण कर, देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री ने सिकल सेल उन्मूलन का संकल्प प्रदेश की धरती से ही लिया है। प्रदेश सरकार भी वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों के लिए आगे आए। सिकल सेल की जागरूकता में सहयोग कर प्रदेश को स्वस्थ और सशक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता करें। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में अब तक 90 लाख से अधिक सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाना संबंधित विभागों के एकजुट और एकमेव प्रयासों का नतीजा है।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। * भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com